भीम BHIM

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

क्रमांक– राऋभमवि / अल / अका. प्र. / 2023 / 938 दिनांक– 27.3.2023

विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की विशेष बैठक दिनांक 25.03.2023 (शनिवार) का कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय की प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 25.03.2023 (शनिवार) को माननीय कुलपति महोदय प्रो. शील सिंधु पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

1. प्रो. शील सिंधु पाण्डेय	माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष
2. श्रीमति साफिया जुबेर	माननीय विधायक, रामगढ़ एवं राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट
3. प्रो. राम चन्द्र सिंह	माननीय कुलाधिपति नामनिर्दिष्ट
4. प्रो. कनिका व्यास	राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट (ऑन लाईन उपस्थित)
5. प्रो. हरमेश कंसल	राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट (ऑन लाईन उपस्थित)
6. डॉ. स्मिता मिश्रा	राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट
7. डॉ. रितेश शर्मा	राज्य सरकार नामनिर्दिष्ट
8. डॉ. हुकम सिंह	माननीय कुलपति नामनिर्दिष्ट
9. डॉ. अनीता सोनी	माननीय कुलपति नामनिर्दिष्ट
10. श्रीमति ज्योति मीणा	कुलसचिव एवं सदस्य सचिव
11. श्री रोहताश सिंह यादव	वित्त नियंत्रक विशेष आमंत्रित सदस्य

बैठक में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिये गये, जिनका विवरण निम्ननानुसार है:–

<u>एजेण्डा बिन्दु संख्या 01</u> :– गत प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 10.11.2022 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि। (संलग्न–01)

निर्णयः– गत प्रबन्ध मण्डल की बैठक दिनांक 10.11.2022 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि गई। साथ ही बैठक के कार्यवाही विवरण में बिन्दु संख्या 3 में उल्लेखित सेना व अर्द्ध सैनिकबलों में कार्यरत सैनिको के शहीद परिवारों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों को भी आगामी सत्र से विद्यार्थियों के आवेदन पर विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के महाविद्यालयों में परीक्षा शुल्क से छूट एवं विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेशित विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस एवं परीक्षा शुल्क में शत–प्रतिशत छूट के साथ पठन सामग्री हेतु राशि रू. 11000/– प्रतिवर्ष दिये जाने के निर्णय का सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया था। माननीय सदस्य प्रो. हरमेश कंसल जी ने निर्णय का पूर्णतया पालन करने हेतु प्रस्ताव रखा जिसका सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा बिन्दु संख्या 02 :– अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 22.03.2023 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। (संलग्न–02)

निर्णयः– अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 22.03.2023 की कार्यवाही विवरण का सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

- प्रो. हरमेश कंसल के प्रस्ताव के अनुसार विधि विभाग में 5–वर्ष स्व वित्त पोषित पाठ्यक्रम के साथ **Integrated** शब्द जोड़ा जाये। जिसका सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
- माननीय सदस्यों द्वारा वर्तमान में **Information Technology** की आवश्यकता एवं उपयोगिता को देखते हुए **short term computer course** प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव रखा गया जिसका सर्वसम्मति से सदस्यों द्वारा निर्णय लेकर विज्ञान संकाय के कम्प्यूटर साइंस विभाग में जोड़ा गया।

एजेण्डा बिन्दु संख्या 03 :– वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.03.2023 की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। (संलग्न–03)

निर्णयः– वित्त समिति की बैठक दिनांक 24.03.2023 की कार्यवाही विवरण का सर्वसम्मति से सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा बिन्दु संख्या 04 :– माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य एजेण्डा।

निर्णयः– माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नानुसार एजेण्डा रखे गये जिनका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

- माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कुलपति वाहन हेतु एक ड्राईवर, कुलपति आवास हेतु एक रसोईया एवं एक माली रखे जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसका सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।
- माननीय सदस्य श्रीमती साफिया जुबेर खांन द्वारा " स्मार्ट विलेज" योजना के अन्तर्गत ग्राम बगड़ राजपूत एवं बंजीरका को आगामी वित्त वर्ष में जोड़े जाने का सुझाव दिया, उक्त प्रस्ताव को तैयार कर अनुमति हेतु राजभवन भेजे जाने का निर्णय माननीय सदस्यों द्वारा लिया गया।

बैठक के अन्त में कुलपति महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन किया गया।

S Pandey
कुलपति

कुलसचिव